
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 11.06.2025 को जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में की गयी आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 11.06.2025 को जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर।
2. मो0 हाशिम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री योगेश कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
4. श्री रवि कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
5. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
6. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
7. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
8. श्री सौरभ कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
9. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
10. श्री दीपक कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
11. श्री सचिन कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
12. श्री एच0पी0 सिंह, महाप्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
13. श्री सुधीर कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।
14. श्री आकिब खान, परियोजना प्रबन्धक, मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, द्वारा एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 20 नग पेयजल योजनाये जिनमें भूमि उपलब्ध होने के पश्चात भी वर्तमान तक कोई निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है उनमें सम्बन्धित फर्मो को कार्य प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)



MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\1

Scanned with OKEN Scanner

• **भूमि अनुपलब्धता** :–फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा 04 नग पेयजल योजनायें– जडौदा, बास्तम, संदलहेडी एवं लखनौती व मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक द्वारा 17 नग योजनायें एवं जी0ए0 बाबा इन्फ्रा जेवी के परियोजना प्रबन्धक 04 नग पेयजल योजनायें– दाबकी गुर्जर, मुखलिसपुर, जयरामपुर नानका एवं नल्हेडा बक्काल योजनाये में भूमि उपलब्ध न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही किये गये है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0,**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जयरामपुर के लेखपाल से सम्पर्क कर भूमि उपलब्धता हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/**
**मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा जेवी)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा 706 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 21 नग पेयजल योजनायों पर भूमि उपलब्ध होने के उपरांत भी निर्माण कार्य प्रारम्भ न किये जाने की समीक्षा की गयी। जिसमें फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा 02 नग क्रमशः शेरपुर गुर्जर एवं लुकादरी पेयजल योजनायें एवं मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक द्वारा 15 नग एवं जी0ए0 बाबा इन्फ्रा जेवी के परियोजना प्रबन्धक द्वारा 04 नग पेयजल योजनायें यथा कमशः चौरी, बोन्सा, सलूनी एवं सरूरपुर गाडा कुल 21 नग पेयजल योजनाओं में भूमि उपलब्ध होने के उपरान्त भी फर्म द्वारा वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ न किये जाने की समीक्षा की गयी।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0,**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

श्री अनुज कुमार सहायक अभियन्ता द्वारा 04 नग पेयजल योजनाओं 1. लखनौती खुर्द में स्कुल के अन्दर से पंहुच मार्ग 2. संदलहेडी में पंचायत भवन के अन्दर से रास्ता 3. बास्तम में क्षेत्रफल कम होना तथा 4. जडौदा पाण्डा में खाद के गडढे की भूमि होना अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उक्त योजनाओं में भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं अग्रिम बैठक में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को बैठक में आमन्त्रित किया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

• **पम्प हाउस** :– समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा 39 नग पेयजल योजनायें जिन पर पम्प हाउस के निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किये गये है जिनमें मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर के 04 मै0 एन0के0जी0 के –24 एवं जी0ए0 बाबा के –11 के विषय में समीक्षा की गयी।

वुडहिल :– 02 नग पेयजल योजनाओं पर नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 01 सप्ताह में शेष योजनाओं पर बोरिंग का कार्य पूर्ण करने के उपरांत पम्प हाउस निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये जायेगे।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मल्हीपुर पेयजल योजना का निरीक्षण CNO द्वारा प्रस्तावित है फर्म वुडहिल द्वारा ग्राम में समुचित मैनपावर बढाते हुये पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है।

**जी0ए0 बाबा** :– श्री सुधीर कुमार परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि 11 नग पेयजल योजनाओं पर पम्प हाउस के निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये जायेगें एवं समुचित मैनपावर लगाते हुये 01 माह में पम्प हाउस के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये जायेगें।

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\2

Sachin P.M (woodhill)    P.M NKG    PM

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस निर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं फर्म मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा के परियोजना प्रबन्धक से पिछले 01 माह में पूर्ण किये गये पम्प हाउस की जानकारी ली गयी, जिस पर परियोजना प्रबन्धक द्वारा 01 माह में 02 पम्प हाउस पूर्ण होना बताया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त प्रगति पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुये शेष पम्प हाउस पर समस्त निर्माण कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 )**

- **सड़क पुर्नस्थापना :–** जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाईप लाईन बिछाने के उपरांत पुर्नस्थापित सड़क के कार्यो की समीक्षा की गयी, अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 706 नग योजनाओं जिनमें 1105 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। वर्तमान में 1105 नग लक्ष्य के सापेक्ष 397 राजस्व ग्राम में पाईप लाईन बिछाते हुये गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर सड़क पुर्नस्थापना के कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है तथा 129 नग राजस्व ग्राम में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। वर्तमान में 579 ग्रामों में पाईप लाईन बिछाने हेतु तोडी गयी सड़कों का पूर्नस्थापना का कार्य प्रगति में है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवशेष 579 ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य 01 माह में पूर्ण कराने एवं उक्त तीनों सूचियों की प्रति उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त योजनाओं में अवशेष कार्यो में पर्याप्त मैनपावर लगाते हुये शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

(सचिन कुमार)
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0
सहारनपुर

(एच0पी0 सिंह)
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0
सहारनपुर

(दीपक कुमार)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् **(TPI),**
सहारनपुर

(सुधीर कुमार)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

(योगेश कुमार)
सहायक अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
सहारनपुर

(मो0 हाशिम)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
सहारनपुर

(सुमित राजेश महाजन)
मुख्य विकास अधिकारी
सहारनपुर

(मनीष बंसल)
जिलाधिकारी
सहारनपुर

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\3

Scanned with OKEN Scanner